# T. M. Bhagalpur University, Bhagalpur-812007

Letter No. DSW/218 /2026 Date ....**28/07**/2026

**सेवा में,**

सभी प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य,
(अंगीभूत, राजकीय डिग्री एवं संबद्ध महाविद्यालय)
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर

**विषय : यू.जी. (CBCS) एवं AEDP (CBCS) Semester-I, सत्र 2026–30 में ऑन-स्पॉट नामांकन के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि **यू.जी. (CBCS) Semester-I एवं AEDP (CBCS) Semester-I, सत्र 2026–30** में **ऑन-स्पॉट नामांकन** दिनांक **28.07.2026** से प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए—

1. महाविद्यालयों में केवल उन्हीं विषयों में ऑन-स्पॉट नामांकन लिया जाएगा, जिनमें सीटें रिक्त हैं। किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्वीकृत सीटों से अधिक नामांकन नहीं लिया जाएगा। अन्यथा ऐसे विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय पंजीयन संभव नहीं होगा तथा इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।
2. ऑन-स्पॉट नामांकन केवल उन्हीं अभ्यर्थियों का किया जाएगा, जो **Samarth Portal** पर पूर्व से पंजीकृत हैं।
3. जो अभ्यर्थी अब तक **Samarth Portal** पर पंजीकृत नहीं हैं, वे नया पंजीकरण कर ऑन-स्पॉट नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं।
4. ऑन-स्पॉट नामांकन हेतु अभ्यर्थी **Samarth Portal** पर लॉग-इन कर उस महाविद्यालय एवं विषय का चयन करेंगे, जहाँ सीटें रिक्त हैं। इसके उपरांत संबंधित महाविद्यालय के लॉग-इन में उक्त अभ्यर्थी का विवरण प्रदर्शित होगा, जिसके आधार पर नियमानुसार **"Admission Granted"** की कार्रवाई की जाएगी।
5. यदि किसी अभ्यर्थी के प्रोफाइल में नाम, श्रेणी (**Category**) अथवा अन्य किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत उसका संशोधन किया जा सकता है।
6. सभी प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि नामांकन प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा प्रत्येक नामांकित विद्यार्थी का विवरण **Samarth Portal** पर प्रत्येक कार्यदिवस को निश्चित रूप से **"Admission Granted"** के रूप में अद्यतन किया जाए। किसी भी नामांकित विद्यार्थी का **Admission Granted** समय पर अंकित नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित प्रधानाचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।
7. निर्धारित अवधि में अधिकतम नामांकन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार रविवार एवं अन्य सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी नामांकन कार्य संचालित किया जाए।
8. जिन अभ्यर्थी का नामांकन कोटा के अंतर्गत लिया जा रहा है उनका नामांकन कोटा के अंतर्गत निर्धारित सीट से विहित प्रक्रिया अपनाते हुए **Admission Granted किया जाये।**

28.07.26 28/07/2026 P.T.O

# T. M. Bhagalpur University, Bhagalpur-812007

**10.** नामांकन प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों, एवं सीट मैट्रिक्स के अनुरूप ही संपन्न की जाए।

नामांकन प्रक्रिया दिनांक 03.08.2026 तक अवश्य पूरा करें। इसके बाद समय बिस्तार संभव नही होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए निर्धारित अवधि में ऑन-स्पॉट नामांकन कार्य को सुचारु, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

28.07.26

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

28/07/26

ज्ञापांक : DSW/219-2021/2026 ....28/**07**/2026.

प्रतिलिपि प्रेषित :

1. निदेशक, यू.डी.सी.ए., तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
2. जनसंपर्क पदाधिकारी, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
3. कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।

28.07.26

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

28/07/26